▸ बैंगलोर में गणतंत्र दिवस के मौके पर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेते रेनबो होम के बच्चे व स्टाफ

▸ In Bangalore children and staff of Rainbow Homes take a vow to protect the constitution of the country






▸ चेन्नई के एएमजे रेनबो होम में गणतंत्र दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे

▸ Children presenting cultural programme at AMJ Rainbow Home in Chennai on the occasion of Republic Day





▸ पुणे में एनजीपी रेनबो होम में गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंग फहराए जाने के बाद झंडे को सलामी देते बच्चे।

▸ Children at NGP Rainbow Home in Pune saluting the national flag on the occasion of Republic Day.

Chennai

# STORIES OF RESILIENCE, COURAGE AND EMPATHY

Nationwide lockdown due to COVID-19 pandemic spread was a very tough situation for everyone. It turned most lives upside down. Chennai was no exception to this. But in such circumstances only, we see the true human spirit of helping others, those are in need. So, we have compiled some of such stories that actually happened alongside or within the Rainbow Homes network, which reinforce our faith in each other.

## Trains stopped. Lifeline stopped!

**JAGAMMA** is a single mother in Kannagi Nagar, Chennai. Her husband abandoned her, leaving her to fend for herself. She started selling flowers and fruits in trains to support her family. Since, she could not provide for her children well, her son Madesh was taken in by Rainbow Homes. She has been managing her family with her meagre income since then. During the lockdown, all means of transport were halted including trains. In her lifetime, never has she seen trains being stopped for such a long period. She lost her only source of income and struggled to put food on her table. Getting three meals a day was a big struggle. She was more than relieved when Rainbow Homes staff called her to come and collect provisions. She was grateful and happy that they can eat three meals a day henceforth.




During the lockdown, JAGAMMA lost her only source of income and big struggled to getting three meals a day. She was relieved when Rainbow Homes staff called her to come and collect provisions. She was grateful and happy that they can eat three meals a day henceforth.

## Hunger and depression

Megala lives with her two children and husband in a small kuccha house in Chennai. One of her child is supported by Rainbow Homes and was living with her family during lockdown. Even for the kuccha house, Megala was paying a monthly rent of Rs. 1000. Her husband, who drove auto rickshaws for daily pay couldn't earn during lockdown and thus couldn't pay for food, let alone rent. The house owner kept insisting that they pay rent no matter what. This put the family in further stress. Megala was very upset that her two daughters were going hungry and that she couldn't do anything about it. Megala cried most days. When she was called and provided provisions from Rainbow Homes, she had only tears. She cried out of relief. She even confided with the home staff that she wanted to just end it all and suicide. The provisions supplied to her not only provided food for her body but for her mind too. She now eats three times a day with her family.

## Two incomes to nil. Three meals to two

**SRIDEVI,** also, a single mother from North Madras in Chennai was working as domestic help in two houses before the lockdown. When the outbreak of covid-19 was announced, she didn't imagine it would affect her life to this extent. She was ready and willing to work for money but her employers asked her to stop working in their houses for the fear of infection. She lost all her income and has no idea of when things will come back to normal. She was shocked to see her situation turn upside down so quickly. From income from two houses to nil income and from three meals to two meals a day, she had to make adjustments to be able to cope with loss of money. Its needless to say that Sridevi did not have any savings, as she barely earns enough to meet her monthly expenses. She ran out of money and food. Worried with no support, she was more than happy when she

SRIDEVI was shocked to see her situation ran out of money and food. she was more than happy when she was told that Rainbow Homes were distributing provisions to families. Even during the lockdown, she managed to travel to the home and collect the provisions. She was happy that she can atleast eat three meals again.



## Chennai

was told that Rainbow Homes were distributing provisions to families. Even during the lockdown, she managed to travel to the home and collect the provisions. She was happy that she can atleast eat three meals again. Her child Rajesh was in the Rainbow Homes before the lockdown. With state governments instructing all Child Care Institutions to send all children to live with their families, Rajesh was also sent to live with his mother in March. In early June, he returned to the Rainbow Home. On returning, he was happy to see all his friends and home staff. He reached out to the Home Management Coordinator and says "Thank you for giving provisions to our family. Only after you sent it did we eat properly. Thanks Anna (brother in Tamil)".

### Rainbow Homes is family

Amulu is a single mother who works in a Beauty parlour in Chennai. She assists with cleaning and related work at the parlour and gets paid a monthly salary. Her child Nalini is being supported by Rainbow Homes. Amulu managed her life somehow with her income and with the support from Rainbow Homes. But a pandemic caused shocks to her life that only she can imagine. A mother of three children, she lost her job and income during the lockdown. She had some jewellery with her, which she pawned for some money. This helped her family eat for a few days. Soon, the money was over and she had no more jewellery to pawn. She needed help. She didn't even think about asking her relatives because she knew they wouldn't support her. All she thought of was asking Rainbow Homes for help. Just at that time, she received a call from Home staff asking her to come collect her provisions kit. She was elated and was very grateful for the support.

### When lockdown became abusive

Rani (name changed) is mother of two children. She lives with her spouse in a district in Tamil Nadu. Her husband is a daily wage labourer while Rani is a housewife. Her younger child is in the care of Rainbow Homes. During the lockdown in March, her husband, like many others lost his source of income. Rani does not have a ration card and could not access government's subsidies. They managed expenses by mortgaging some of her jewellery. Occasionally, her neighbours helped her by giving ration or food. But her real worry was the way her husband treated her. She was subject to physical and emotional abuse during lockdown. Not being able to bear this, she attempted suicide. Her family didn't want her to visit a doctor or hospital as it might cause further problems such as police complaints etc. She was asked to stay silent. During the survey, Rani expressed her concerns and brought the issue to notice. Rainbow Home team, provided her with contact numbers of local helplines she can reach out to in case of emergencies. Since she was in another district, home team wasn't able to visit her. However, phone follow up was made till she felt better.

### Volunteer to donor

Dr Kamal online coaching centre, is a volunteer group taking online classes on spoken English for the homes on a weekly basis. Engaging children in online classes can be a challenge especially if appropriate technological support is missing. ASP home do not have any microphones but arrange online classes through a laptop and speaker. This meant that the children can hear the instructor very well but vice-versa was slightly difficult. However, the children showed very keen interest by diligently sitting in a row wearing masks and responding to the instructor through hand signals such as thumbs up etc. The volunteer was very impressed with the sincerity and keenness to learn from the children that he became invested in the organisation. He heard about the Re.1 online campaign through which donations are being sought. He immediately pitched in and donated a sum of money to the organisation. He has also lent support to arrange microphones for the home. This case provided hope to the staff that with the right efforts, garnering civil society's investment and interest is very much a possibility!

# संवेदना व साहस की कहानियां

कोविड-19 महामारी के कारण जो देशभर में लॉकडाउन लगाया गया, उसने बड़ी संख्या में लोगों के लिए बहुत मुश्किल खड़ी कर दी। चेन्नई में भी ऐसा ही हुआ। लेकिन यही वे हालात होते हैं जब हमें एक-दूसरे की मदद करने का इंसानी ज़ज़्बा दिखाई देता है। हमने भी ऐसी ही कुछ घटनाएं जुटाई हैं जो रेनबो होम नेटवर्क में या उसके आसपास घटीं। ये घटनाएं लोगों में हमारे भरोसे को मजहूत करती हैं।

### ट्रेनें रुकीं, तो जीवनरेखा रुकी

जागम्मा चेन्नई के कन्नगी नगर में रहने वाली अकेली मां हैं। उनके पति ने उन्हें छोड़ दिया था। परिवार चलाने के लिए उन्होंने फल व फूल बेचना शुरू किया। चूंकि वह बच्चों की देखरेख में दिक्कत महसूस कर रही थीं तो उन्होंने बेटे मदेश को रेनबो होम भेज दिया। वह किसी तरह परिवार का गुजारा करती रही। लॉकडाउन में आने-जाने के सारे साधन रुक गए, ट्रेनें भी। उन्होंने जिंदगी में कभी ट्रेनों को इस तरह से बंद होते नहीं देखा था। उनकी आय का एकमात्र जरिया चला गया और दो वक़्त खाना खाना भी मुश्किल होने लगा। फिर उन्हें रेनबो होम से राशन लेने का संदेशा मिला। उन्हें बड़ी तसल्ली मिली कि उसके बाद उन्हें कम से कम ढंग से खाना तो नसीब हुआ।

### आय गई और एक वक्त का खाना भी

श्रीदेवी भी चेन्नई में नॉर्थ मद्रास में रहने वाली अकेली मां हैं। लॉकडाउन से पहले वह दो घरों में काम किया करती थी। जब कोविड-19 की बात चली तो शुरू में उन्हें नहीं लगा था कि उसका इतना असर पड़ेगा। पैसा मिलता रहे तो वह तो काम पर घरों में जाने के लिए तैयार थीं। लेकिन जिन घरों में वह जाती थी, उन्होंने ही इंफेक्शन के डर से उन्हें आने के लिए मना कर दिया। उनकी तो आय ही बंद हो गई और यह समझ नहीं आ रहा था कि सबकुछ कब सामान्य होगा। देखते-देखते सब उलट-पुलट हो गया। ऐसी कोई बचत भी नहीं थी कि गुज़ारा चल सकता। जो ता वह धीरे-धीरे खत्म हो चला। फिर उन्हें पता चला कि रेनबो होम से राशन मिल रहा है तो वह लॉकडाउन में भी किसी तरह से तुरंत वहां पहुंची। उन्हें तसल्ली हुई कि वह ढंग से कुछ दिन काम चला सकेंगी। उनका बेटा राजेश पहले से रेनबो होम में ही था। मार्च में लॉकडाउन लगने के बाद वह सरकार के निर्देश पर मां के साथ रहने चला गया था, लेकिन जून में फिर रेनबो होम लौट आया। वह बहुत खुश था कि मां को जरूरत के वक़्त मदद मिल गई थी।

### भूख व निराशा का माहौल

मेगला अपने पति व दो बच्चियों के साथ चेन्नई में एक कच्चे मकान में रहती है। एक बच्ची रेनबो होम से जुड़ी है और वह लॉकडाउन के दौरान परिवार के साथ रह रही थी। उस कच्चे मकान के लिए भी मेगला को हजार रुपये भाड़ा देना होता है। उनके पति रिक्शा चलाते हैं लेकिन लॉकडाउन में सब बंद होने के कारण वह आय चली गई। मकान मालिक हर हाल में भाड़ा देने के लिए जोर डालता था लेकिन घर में तो भाड़ा देने की बात दूर, बच्चों को खिलाने के लिए भी पैसा नहीं था। इस लाचारी में मेगला हमेशा रोती रहती थी। फिर उसे राशन के लिए रेनबो होम बुलाया गया तो भी उसकी आंखों से आंसू बह रहे ते। उसने बताया कि इस लाचारी में तो वह तो अपना जीवन खत्म कर लेना चाहती थी। मदद मिली तो मन भी शांत हुआ।

### परिवार की तरह है रेनबो होम

अमुलु अकेली मां हैं और चेन्नई में एक ब्यूटी पार्लर में काम करती हैं। वह सफाई करती है और बाकी कामों में हाथ बंटाती है। उसकी बेटी नलिनी रेनबो होम में है। उसके दो बच्चे और हैं। किसी तरह से अमुलु अपने परिवार का काम चला रही थी। लेकिन लॉकडाउन ने सबकुछ उलट-पुलट कर दिया। उसका काम चला गया और आय का एकमात्र जरिया भी। उसके पास कुछ जेवर रखे थे जिन्हें गिरवी रखकर उसने थोड़ा धन खर्च चलाने के लिए लिया। कुछ ही दिन वह धन भी चला। रिश्तेदारों से भी मदद नहीं ले सकती थी क्योंकि उन सबके हाल भी वैसे ही थे। ऐसे हाल में रेनबो होम से राशन मिलना बहुत ही राहत वाला साबित हुआ।

### शोषण की वजह बना लॉकडाउन

रानी (बदला हुआ नाम) दो बच्चों की मां है। वह अपने पति के साथ रहती है जो दिहाड़ी मजदूरी करता है। उनका छोटा बेटा रेनबो होम में है। लॉकडाउन में पति का काम गया तो आय भी गई। राशन कार्ड था नहीं तो सरकारी मदद भी नहीं मिल सकती थी। थोड़ा धन कुछ जेवर गिरवी रखकर लिया तो कभी पड़ोसियों ने मदद कर दी। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत को उसके पति का व्यवहार था। उसने उसका खूब मानसिक व शारीरिक शोषण किया। जब बरदाश्त नहीं हो रहा थो तो उसने जान तक देने की कोशिश की। परिवार के बाकी लोग उसे डॉक्टर या पुलिस के पास जाने नहीं दे रहे थे क्योंकि उन्हें डर था कि दिक्कत बढ़ जाएगी। उन्हें खामोश रहने को कहा गया। रेनबो टीम को पता चला तो उन्होंने हेल्पलाइन के नंबर उपलब्ध कराए। दूसरे शहर में होने के कारण उनतक पहुंचना मुश्किल था लेकिन टीम लगातार उनसे संपर्क में रही जबतक कि स्थिति बेहतर नहीं हो गई।

### वॉलंटियर से डोनर

डॉ. कमल ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का वालंटियर ग्रुप हर हफ्ते होम में इंग्रेजी की ऑनलाइन क्लास लेता है। लेकिन उपयुक्त उपकरण नहीं होने से बच्चों को सुनने-समझने में दिक्कत होती थी। हालांकि बच्चे सीखने-समझने के लिए हमेशा बहुत उत्सुक रहते थे। बच्चों का उत्साह देखकर इस समूह ने धन इकट्ठा करके होम के लिए माइक्रोफोन का इंतजाम करने में मदद दी। इससे बच्चों व होम, दोनों को इसी तरह की कोशिशें और करने की प्रेरणा भी मिली।

# HELP CAME WHEN THE SITUATION HAD BECOME HOPELESS

## Helping in recovery from disease

**B. Keerthi**
**Health support, Hyderabad**

Keerthi's parents work as daily labourer with a small income. She has many siblings and Keerthi is younger. She has been staying at ASRITHA Rainbow Home for 9 years now. Before the lockdown was imposed, Keerthi had gone to stay with her parents. During this period, she was caught by lot of cough and fever. Keerthi was immediately taken to a private hospital and the doctor asked to conduct various tests. As per the reports, she had water in her lungs. She was diagnosed with typhoid and pneumonia. She was given intravenous fluids and medicines for six days. Once this course completed, she was given medicines to be taken orally for another week. She recovered completely and is now healthy. Apart from taking care of her health, treatment and medicines, Rainbow Foundation of India also supported her family with the ration kit.



## बीमारी से उबरने में मिली मदद

कीर्ति के माता-पिता दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे और उनकी आय बहुत कम थी। उसके कई भाई-बहन भी हैं और कीर्ति उनमें छोटी है। अब उसे आश्रिता रेनबो होम में रहते हुए 9 साल हो गए हैं। लॉकडाउन लगने से पहले ही कीर्ति अपने माता-पिता के साथ रहने गई हुई थी। वहां जाकर उसकी तबियत खराब हो गई। डॉक्टर ने कई जांच कराई तो उसे टायफाइड व निमोनिया, दोनों थे। फेफड़ों में थोड़ा पानी जमा हो गया था। उसे छह दिन तक इंजेक्शन से दवाएं दी गईं और उसके बाद खाने की दवाएं। धीरे-धीरे उसकी तबियत में सुधार हुआ और अब वह पूरी तरह ठीक है। रेनबो फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने न केवल उसके इलाज व सारी दवाओं का ध्यान रखा बल्कि उसके परिवार को भी राशन किट के जरिये मदद उपलब्ध कराई।



RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

## Pain of losing the loved ones

**K. Bhavya and K. Pavani**
**ASRITHA Rainbow Home, Doodhbowli, Hyderabad**



Long ago, a social mobilizer was regularly on the field to identify the children who were in need of care and protection. During this he come across Bhavya, Pavani and their brother. He also met their grandmother to know more about them and he further shared the objectives of the ASRITHA Rainbow Home which provide comprehensive care to the vulnerable children. Their grandmother first admitted Bhavya who had been staying for 7 years now. Pavani joined later and have now completed 4 years of stay at ASRITHA.

Their father used to work as a daily labourer in Bangalore, but he was addicted to alcohol. He ultimately succumbed to it. After his death, his wife along with three little children came back to Hyderabad. She left the children with their grandmother and left home. Since then, the children never saw their mother again and stayed with their grandmother at Ghosenagar. But with her old age, it was very difficult for the grandmother to look after them and fulfilled their needs. She had no sources of income except pension. Thus, these kids finally came to Rainbow Homes.

They were given bridge course and then mainstreamed in their regular school. Presently both of them are studying 10th class.

Just before the lockdown the children had gone to stay with their grandmother as she was not well. Things became complicated after lockdown was imposed. There was no source of income. Their uncle worked as a daily labourer but lost work during the lockdown, and then he had his own family to look after. After coming to know about this, dry ration was provided to the children through APPI twice during that time. What a big relief it was for them. The ration kit helped them to survive during the lockdown period and they were having sufficient food. However, their grandmother always kept worrying about the children's future as there was nobody to take care of them. Unfortunately, during the lockdown Bhavya and Pavani's grandmother passed away leaving the children with their uncle.

## अपनों को खोने का दर्द

काफी समय पहले, देखरेख व सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों पर निगाह रखने के लिए नियमित रूप से फील्ड में घूमने वाले हमारे एक टीम सदस्य का ध्यान भव्या, पावनी और उनके भाई की तरफ गया। उसने उन बच्चों की दादी से मिलकर उन्हें आश्रिता के बारे में बताया। दादी ने पहले भव्या को भेजा, जिसे अब यहां 7 साल हो गए हैं। फिर उन्होंने पावनी को भी भेजा जो अब 4 साल से यहां है। उनके पिता पहले बैंगलोर में मजदूरी करते थे लेकिन शराब की लत होने के कारण उनकी मौत हो गई। उनकी मां फिर तीनों बच्चों को लेकर घोसेनगर आ गई और बच्चों को उनकी दादी के पास छोड़कर कहीं चली गई। उसके बाद से बच्चों ने कभी अपनी मां को नहीं देखा। दादी के पास पेंशन के अलावा कमाई का और कोई जरिया नहीं था, इसलिए बच्चे रेनबो होम में आ गए। लॉकडाउन से पहले बच्चे दादी के पास रहने गए हुए थे लेकिन लॉकडाउन लगने से मुश्किल हो गई। कमाई का कोई जरिया नहीं था। उनके चाचा भी दिहाड़ी श्रमिक थे लेकिन उनका काम भी छूट गया था, फिर उनका अपना परिवार भी था। पता चलने पर उन्हें तुरंत राशन पहुंचाया गया। इससे सबको काफी राहत मिली। लेकिन इस दौरान उनकी दादी गुजर गई। वह आखिरी वक्त तक बच्चों की चिंता करती रहती थी।

Hyderabad

# When earnings were gone, help came

**K. Akash**
**ASRITHA Sneh Ghar, Nalabazar, Hyderabad**



Some time back, one of the well-wishers of ASRITHA noticed the child and concerned about need for further care and protection. He informed to the social mobilizer about the child, our social mobilizer went and talked to his mother and explained her about the concept of ASRITHA Rainbow Home and convinced her to send the child. After few days, her mother brought the child to ASRITHA Sneh ghar, Nalabazar.

His father had passed away four years ago. He was alcoholic, hence suffered with asthma related problems. One day he met with an accident and got bedridden. One year later, he passed away. After his father's death Aakash dropped out of school. His mother worked as a teacher in a private school. But after that incident, she along with Aakash and his elder sister moved from Mahabubnagar to Hyderabad with the support of her relatives in search of work.

In Hyderabad, she started working as a packer in a small unit with meagre earning. As the lockdown was imposed, she had to face many problems, and had to survive on very small income. Work was gone and so went the income. She hasn't got the address on her ration card changed since moving to Hyderabad. So, neither she could get the PDS ration here, nor could she go to village as movement was restricted due to lockdown. She somehow kept managing things for some time. She was about to lose all the hopes, when she received ration kit supported by Rainbow Foundation of India. It helped her managed the family.

## आय का जरिया गया तो मदद मिल गई

आश्रिता के शुभचिंतकों में से एक को कुछ समय पहले एक बच्चे के बारे में पता चला जिसे देखरेख व हिफाजत की जरूरत थी। उसने हमारी टीम को बताया और फिर हमारी टीम के एक सदस्य ने जाकर उसकी मां से मुलाकात की। उसकी मां को आश्रिता के बारे में विस्तार से समझाया गया। आखिरकार मां कुछ दिनों के बाद आकाश को लेकर नलाबाजार में आश्रिता स्नेहघर आ गई। उसके पिता चाल साल पहले गुजर चुके थे क्योंकि शराब ज्यादा पीने से उन्हें दमा हो गया था। फिर वह एक हादसे का शिकार हो गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक साल बाद उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद आकाश का स्कूल छूट गया। मां एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी लेकिन पति की मौत के बाद वह काम की तलाश में आकाश और उसकी बड़ी बहन को लेकर महबूबनगर से हैदराबाद आ गई। वह एक फैक्टरी में पैकिंग का काम करने लगी। लॉकडाउन में उन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। काम चला गया। कागजों पर पता हैदराबाद का नहीं था इसलिए पीडीएस का राशन भी नहीं मिल सकता था। पता चलने पर रेनबो टीम ने उन्हें तुरंत राशन पहुंचाया ताकि उनका व परिवार का काम चल सके।



# Grandmother gets support as kids are happy

**John and Jasuva**
**ASRITHA Sneh Ghar, Hyderbasthi, Hyderabad**

Once, when our social mobilizer was on an outreach, he found the child playing along with his younger brother in the locality. He interacted with the child who was not going to school. Then the social mobilizer met his grandmother and talked about ASRITHA Sneh Ghar, Hyderbasthi. Finally, she agreed to send the children for further care and protection.

John and Jasuva have an elder sister who is studying 4th class while staying in a girl's hostel. Their parents got separated. Mother is not keeping well and largely bedridden at home. Hence, John and Jasuva were taken care of by their grandmother, who works as a cleaner in a Yashoda hospital. With her small income it was difficult to take care the children. They were never enrolled in any school and nobody was there to look after them when their grandmother was away to work.

Now, the children have been mainstreamed to regular schooling. During the lockdown their grandmother took the children with her as she was not going to work due to the pandemic. But, she wasn't paid either, so it was very difficult for her to feed the children. With the support provided by the Rainbow Foundation of India she managed it with a sigh of relief.

## दादी को मदद मिली तो बच्चे खुश हुए

एक बार जब हमारे सोशल मोबिलाइजर फील्ड में थे उनका ध्यान एक इलाके में अपने भाई के साथ खेलते बच्चे पर गया। उन्होंने बच्चे से बात की। पता चला कि वह स्कूल नहीं जाता था। फिर वह उनकी दादी से मिलने गए और आश्रिता स्नेहघर के बारे में बताया। आखिरकार, दादी जॉन व जसुवा को आगे की देखरेख व पढ़ाई के लिए रेनबो होम भेजने को तैयार हो गई। जॉन व जसुवा की एक बड़ी बहन भी है जो चौथी क्लास में पढ़ती थी और लड़कियों के हॉस्टल में रहती थी। उनके माता-पिता अलग हो चुके थे। बच्चे मां के साथ थे, लेकिन मां की तबियत हमेशा खराब रहती है और वह हमेशा बिस्तर पर ही रहती हैं। दादी, यशोदा अस्पताल में सफाई का काम करती हैं, लेकिन उनकी छोटी सी कमाई में बच्चों की पढ़ाई मुश्किल थी। लिहाजा उनका कभी कहीं दाखिला नहीं हुआ। दादी के अस्पताल जाने के बाद घर पर बच्चों का ध्या रखने वाला भी कोई नहीं होता था। अब रेनबो होम में आने के बाद बच्चों की पढ़ाई ठीक चल रही है। लॉकडाउन में उनकी दादी काम पर नहीं जा रही थी तो वह बच्चों को अपने पास ले गई थी। लेकिन जब वो काम पर नहीं जा रही थी तो पैसा भी नहीं मिल रहा था। बच्चों के आने से खर्च बढ़ गया था सो अलग। इसकी खबर मिलने के बाद रेनबो टीम ने वहां राशन पहुंचाया ताकि घर का काम चल सके। इससे दादी व बच्चों को बड़ी राहत मिली।

Hyderabad



# Timely help relieved the worries

**K. Srilatha**
**Young adults support, Hyderabad**

Few years back, we met her on the street playing at Singareni Colony. She introduced us to her grandmother and her aunt. We visited their hut which just had a basic structure, even that was in shambles. We talked to her grandmother about our Home and encouraged for the child's education. After much convincing they agreed to send the child to ASRITHA Rainbow Home. Srilatha had a younger sister Srilaxmi and her grandmother was very much interested in sending her as well.

They were from Kalakurthi Mandalam, Charakonda Village in Mahabubnagar district and later moved to Singareni Colony and constructed a tar sheet hut. Srilatha and Srilaxmi's parents had died when they were very young. Since then, they lived with their grandmother and aunt, both of whom worked as labourers and took care of children. Some time later, their grandmother also passed away and their aunt was the only relative left to them.

Srilatha was given a bridge course and then mainstreamed to regular schooling. She passed 10th and intermediate with flying colours and presently she is studying B. Com 2nd year.

During the lockdown, she had gone to stay with her aunt at Singareni colony. But the aunt had lost the job due to the lockdown. She barely managed somehow with very little earning. During the lockdown, they received the ration kit good enough to last for many days, which lessened their worries and tension.

# समय पर मदद से चिंता दूर हुई

कई साल पहले हमारी श्रीलता से मुलाकात सिंगरेनी कॉलोनी में हुई थी। उसने हमें अपनी नानी व मौसी से मिलवाया। हम उनकी झोपड़ी में गए जो खस्ताहाल थी। हमने नानी से बात की और उन्हें आश्रिता के बारे में बतलाया और बच्ची की पढ़ाई को लेकर बात की। हमारे काफी जोर देने के बाद वह बच्ची को आश्रिता भेजने को तैयार हो गई। श्रीलता की एक छोटी बहन श्रीलक्ष्मी भी थी। नानी छोटी बहन को भी साथ में भेजना चाहती थीं। उनका परिवार महबूबनगर जिले में चाराकोंडा गांव में कलाकृति मंडलम से था। बाद में वे सिंगरेनी कॉलोनी चले गए और झोपड़ी बना ली। बच्चे बहुत छोटे थे जब उनके माता-पिता गुजर गए थे। तभी से वे नानी व मौसी के साथ रहते थे जो मजदूरी का काम करते थे और बच्चों का ख्याल रखते थे। कुछ समय हुए, उनकी नानी भी गुजर गईं और अब उनके परिवार में मौसी अकेली रह गई हैं। श्रीलता ने ब्रिज कोर्स किया और फिर नियमित स्कूल में दाखिला मिल गया। 10वीं व 12वीं में उसे काफी नंबर मिले और अब वह बी.कॉम. सेकेंड ईयर में पढ़ रही है। लॉकडाउन में वह अपनी मौसी के साथ रहने सिंगरेनी कॉलोनी गई थी लेकिन मौसी का काम भी छूट चुका था। वह किसी तरह से अपना गुजर-बसर कर रही थी। फिर उन्हें राशन किट पहुंचाया गया जो कई दिनों के लिए उन्हें तनाव व चिंता से मुक्त करने के लिए पर्याप्त था।





## Prayer प्रार्थना ప్రార్థన

God!
Thank you for this beautiful life as part of creation!

WE believe, we wish, to live in friendship and mutual respect with head held high, in courage and self confidence.

We believe, we wish that all human beings, whether men or women, live in equality, and in happiness, whatever their colour, caste, class, religion, region, language or abilities.

We believe that, we wish to strongly oppose divisive forces and ideologies that spread hatred and divide us and support democratic and non-violent actions for justice, humanity, truth and peace, taking injustice done to others as inflicted on us.

WE believe in, we wish to contribute our mite towards, the building of more humane and free world, in good health and joyful learning and spreading knowledge.

God!

We believe in, and wish to join our tiny hands with the multitude of the people in this ages-old divine journey of love.



**ईश्वर अल्लाह**
**हमारी ये दुआ है कि इस दुनिया में कोई भी बच्चा ना हो जिसे भोजन प्यार सुरक्षा और शिक्षा न मिले और यह भी प्रार्थना हैं कि हम अपने आस पास सबकी जिंदगी में खुशी की रोशनी भर दे।**

ಈಶ್ವರ ಅಲ್ಲಾ ಜೀಸಸ್
ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ಈ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಮಗು
ಆಹಾರ ಪ್ರೀತಿ, ಸುರಕ್ಷತೆ ಮತ್ತು
ಶಿಕ್ಷಣದಿಂದ ವಂಚಿತರಾಗದಿರಲಿ
ಇದು ನಮ್ಮ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ನಮ್ಮ ಹಾಗೂ ನಮ್ಮ ಸುತ್ತಮುತ್ತಲಿನ
ಎಲ್ಲರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಂತೋಷ
ಹಾಗೂ ಪ್ರೀತಿಯನ್ನು ಕರುಣಿಸಿ.

# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)




## OPEN HEARTS, OPEN GATES

Rainbow Homes Program - ARUN works with Rainbow Homes (For girls) and Sneh Ghar (For boys) to empower children formerly on the streets to reclaim their childhood by providing Comprehensive Care Food, Shelter, Health and Education.

**Rainbow Homes** EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

Anuradha Konkepudi, Executive Director Email: reach@rainbowhome.in
Rainbow Homes Programe ARUN, 1-1-711/c/1, 1st floor,
Opp. vishnu Residency, Gandhinagar, Hyderabad - 80 Office No: 040-65144656